दैनिक जागरण

29th January, 2013

बेलव्यू में आर्थोपाइलट मशीन

मशीन का उद्घाटन करते बेलव्यू के सीईओ पी टंडन

कोलकाता : एमपी बिड़ला समूह के प्रमुख चिकित्सालय बेलव्यू क्लीनिक में सोमवार घुटना व ज्वाइंट रिप्लेसमेंट आपरेशन के लिए उच्चस्तरीय आर्थोपाइलट मशीन का औपचारिक शुभारंभ हुआ। उच्चस्तरीय कम्प्यूटर आधारित यह मशीन घुटना प्रत्यारोपण आपरेशन में चिकित्सक को अस्थियों के सही दिशा में सेटिंग को नेविगेट करने में मदद करती है। इस मौके पर मौजूद जर्मनी की घुटना प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डा.बारबरा गाई ने कहा कि चौथी पीढ़ी की सर्जरी में प्रीसिजन सबसे अहम है। गाई ने कहा कि घुटने या ज्वाइंट के प्रत्यारोपण के बाद उसके सही व सटीक एक्सिस पर काम करना ही आपरेशन की सफलता है। देश के प्रमुख घुटना प्रत्यारोपण चिकित्सक डा. कृष्णकिरण जो अनेक लाइव सर्जरी कर चुके हैं, ने कहा कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक घुटने की जगह दूसरा घुटना 'मैथमेटिकल एक्यूरेसी' की तरह फिट हो जाता है। आर्थोपाइलट मशीन मूल रूप से इंफ्रारेड डिटेक्टर आधारित है। उद्घाटन समारोह में मौजूद बेलव्यू के सीईओ पी टंडन सहित कई प्रमख चिकित्सक मौजूद थे।